उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19-सी, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

## सूचना / विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन**

संख्याः पीआरपीबी–चार–12(37) / 2025 दिनांकः सितम्बर 22, 2025

बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन भर्ती / चयन वर्ष 2020 से 2025 (01–07–2020 से 30–06–2026) तक की कुल 176 रिक्तियों के सापेक्ष विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में प्रकाशित की गयी सूचना / विज्ञप्ति दिनांकितः 15–09–2025 के कम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत चयन हेतु लिखित परीक्षा **''लखनऊ विश्वविद्यालय, ओल्ड कैम्पस, यूनीवर्सिटी रोड, बादशाहबाग, हनुमान सेतु के निकट, लखनऊ–226007''** **में दिनांक 05–10–2025** को समय 09.30 से 12.30 बजे तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थीगण प्रवेश पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय दिनांक 05–10–2025 को प्रातः 8:00 बजे निर्धारित वर्दी में परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

2– यह एक प्रतियोगात्मक चयन (SELECTION) है, जिसके लिये प्रवेश पत्रों को बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड करने व नियत तिथि एवं समय पर लिखित परीक्षा हेतु उपस्थित होने का पूर्ण दायित्व अभ्यर्थियों का होगा। संगत सेवा नियमावली में लिखित परीक्षा में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को दुबारा लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने का कोई अवसर प्रदान किये जाने का कोई प्रावधान नही है। अतः किसी भी कारणवश अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को इस लिखित परीक्षा में दुबारा सम्मिलित होने का कोई अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

3– अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से सम्बन्धित प्रवेश पत्र उनके नियुक्ति जनपद / इकाई के प्रभारी पुलिस अधीक्षक / सेनानायक के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे तथा प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने का लिंक उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in/** पर भी उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर उसमें दिये गये फील्डस को भरकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर यथास्थान अपना फोटो चस्पा कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर उपयोग में ला सकते है। हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराये गये अथवा नेट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र में से कोई एक ही प्रमाणित किया गया प्रवेश पत्र अभ्यर्थी द्वारा प्रयोग में लाया जायेगा। प्रवेश पत्र से सम्बन्धित किसी भी पृच्छा (Query) के लिए अभ्यर्थी ईमेल **helplinehcmt@gmail.com व हेल्पलाइन नं0–8977041730** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

4– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि उनके द्वारा उन्हें लिखित परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित **''अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश''** नामक शीर्षक के अन्तर्गत अंकित निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर **महत्वपूर्ण निर्देशों** हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

22/9/25

**अपर सचिव (प्रोन्नति)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**